राजभाषा विभाग की मई, 2020 माह की मुख्य उपलब्धियां

(i) राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 का वार्षिक कार्यक्रम तैयार कर सचिव(राजभाषा) के अनुमोदन के पश्चात भारत सरकार मुद्रणालय में मुद्रित कराया गया।

(ii) राजभाषा विभाग की वर्ष 2018-19 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार कर सचिव(राजभाषा) के अनुमोदन के पश्चात भारत सरकार मुद्रणालय में मुद्रित कराई गयी।

(iii) राजभाषा विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा दिनांक 01.05.2020 से लॉक डाउन के तहत जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कर्मचारियों को रोटेशन के आधार पर कार्यालय में उपस्थित होने के निदेश जारी किए गए।

(iv) Covid -19 की समस्या को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यसीमा संबंधित कार्यों को करने की कार्य सीमा बढ़ाने संबंधित आदेश जारी किए गए।

(v) राजभाषा विभाग द्वारा निर्मित ई-महाशब्दकोश के मोबाइल एप्प में दो नए डोमेन पर्यटन तथा सूचना प्रोध्योगिकी जोड़े गए।

(vi) विभाग द्वारा तकनीक (Google Meet, Cisco Webex आदि) का प्रयोग करते हुए पहली बार ऑनलाइन माध्यम से निरीक्षण तथा बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुल 12 निरीक्षण किए गए।

(vii) विभाग में सीपीग्राम्स के माध्यम से 45 शिकायतों का निपटान किया गया ।

(viii) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा मई, 2020 में कुल 2262 मानक पृष्ठों का अनुवाद किया गया। कुल 1634 मानक पृष्ठों का पुनरीक्षण किया गया।

*****